






## एक नजर में

### जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक के लिए सुझाव आमंत्रित

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह या अगस्त 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित करना प्रस्तावित हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री संजय दीक्षित ने सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं और आश्रितों से आग्रह किया है, कि सैनिक सम्मेलन के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएँ (जो कलेक्टर के स्तर पर समाधान होने लायक हो) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में 20 जुलाई 2025 तक लिखित में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, पोस्ट द्वारा या ई-मेल करके पहुंचा सकते है, ताकि निराकरण हेतु उन्हे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक की कार्यवाही में सम्मिलित किया जा सके।

### कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही एवं आदेशों की अवहेलना पर पटवारी निलंबित

**नीमच।** एसडीएम जावद श्रीमती प्रीती संघवी द्वारा कानून व्यवस्था की ड्यूटी में लापरवाही बरतने और वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना करने पर म.प्र.सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत सरवानिया महाराज के पटवारी श्री पुष्कर नायक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में श्री नायक का मुख्यालय तहसील कार्यालय जावद रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निवार्हन भत्ता देय होगा।

### सुरभित सुमन काव्य संग्रह लोकार्पित



**इंदौर.** कविता का लक्ष्य सबका कल्याण होता है. शब्द की ज़मीन पर जब भावनाओं के बीज बोए जाते हैं तब कविता की फसल पल्लवित होती है. मन को सुमन बनाने का कर्म करती है कविता. ये बातें ख्यात कवि प्रो राजीव शर्मा ने वरिष्ठ शिक्षाविद् अनिल ओझा की साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा चयनित प्रथम कृति सुरभित सुमन काव्य संग्रह के लोकार्पण अवसर पर कही. कार्यक्रम सराफा विद्या निकेतन के सभागृह में आयोजित किया गया. इस अवसर पर साहित्य अकादमी के निदेशक डा. विकास दवे ने कहा कि इस संग्रह की रचनाओं में लेखक ने हृदय की भावनाओं को उकेरा है जो राष्टीय चेतना जागृत करने में सहायक है. डॉ योगेंद्र नाथ शुक्ल ने कहा कि कोई भी साहित्य बिना श्रेष्ठ समीक्षकों के ऊंचाइयां प्राप्त नहीं कर सकता. हरेराम वाजपेयी ने कहा कि संकलन की अधिकांश रचनाएं पाठ्य पुस्तकों में स्थान पाने की योग्यता रखती हैं. कृति पर चर्चा करते हुए मुकेश इंदौरी ने कहा कि ये कृति 71 पंखुड़ियों से गूंथा हुआ सुमन है जो समूचे परिवेश को सुरभित करने में सहायक है. ये कृति सभ्यता संस्कृति राष्टीयता की त्रिवेणी की संवाहक है. संचालन शिक्षाविद सुनयना शर्मा ने किया. आभार धीरेन्द्र ओझा ने माना.

### ग्रीन बेल्ट के लिए भूमिपूजन

**इंदौर.** विधानसभा 5 के वार्ड 41 के संचार नगर एक्सटेंशन के रहवासियों को ग्रेन बेल्ट की सौगात दी गई. पार्षद प्रणव मंडल ने बताया कि कालोनी के मुख्यमार्ग पर लागत 74 लाख की लागत से बनने वाले ग्रीन बेल्ट के लिए भूमिपूजन विधायक महेंद्र हार्डिया के मुख्य आथित्य में किया गया. इस ग्रीन बेल्ट के लिए आयोजित भूमि पूजन में कालोनी के गणमान्य नागरिक सहित अनेक महिलाओं ने शिरकत की. इस अवसर पर मंडल महामंत्री भेरूलाल जोशी, पं महेश जोशी, दीदी नेहा शर्मा, बूथ अध्यक्ष राकेश चौरसिया और अखिल सुर ने भूमिपूजन किया. इस अवसर पर सभी रहवासी उपस्थित थे.

# ताजिये निकलने के बाद नगर पालिका के सफाई अमले में विशेष सफाई की

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती अनिता चाकोटिया द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देश अनुसार रविवार की रात्रि को मंदसौर नगर में मोहर्रम के पर्व पर ताजियो का जुलूस के बाद सफाई का कार्य किया गया। ताजिये के जलसे के पश्चात मार्ग पर डिस्पोजल एवं अन्य पदार्थ की गंदगी हो गई थी जिसका निरीक्षण किया गया।** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा को मौके पर बुलाकर रात्रि में ही तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका के अमले ने आजाद चौक, सदर बाजार, मंडी गेट, मोचीवाडा, गुदरी टोडा, जगतपुरा चौराहा, खानपुरा प्रतापगढ़ पुलिया क्षेत्र, शिवना नदी के किनारे सहित पूरे मार्ग की सफाई की।



नगर पालिका की तत्परता के कारण सुबह होने के पूर्व रात्रि में ही पूरे मार्ग की सफाई का कार्य पूर्ण किया गया। इस कार्य मे लगभग 20 सफाई कर्मचारी विषेष रूप से सफाई हेतु लगाये गए एवं 40 सफाई कर्मचारी आवारा पशुओ को हटाने के कार्य मे लगाये गए। इस प्रकार 60 सफाई कर्मचारियों ने रात्री मे पुरी सफाई व्यवस्था संभाली। सभी नगर परिषदों ने रात भर ताजीए निकलने के पश्चात गली-गली में सफाई अभियान शुरू किया। नगर पालिका के कर्मचारीयों द्वारा अलग-अलग स्थानो से कचरा एकत्र कर वाहनों से ट्रेचींग ग्राउण्ड में पहुंचाया।

# जिले में अब तक 207.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 207.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 0 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।** पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी., सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 0 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 0 मि.मी., संजीत में 1.0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है

विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 317.0 मि.मी., सीतामऊ में 144.6 मि.मी. सुवासरा में 110.2 मि.मी., गरोठ में 176.4 मि.मी., भानपुरा में 427.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 109.0 मि.मी., धुधंड़का में 205.0 मि.मी., शामगढ़ में 209.0 मि.मी., संजीत में 135.0 मि.मी., कयामपुर में 108.7 मि.मी. एवं भावगढ़ में 335.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1289.60 फीट है।



# श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में 10 जुलाई को मनेगा गुरू पूर्णिमा महोत्सव

▸ 11 जुलाई से प्रारंभ होगा पू. स्वामी डॉ. नारायणानंदगिरीजी महाराज वृन्दावन का चातुर्मास

**मन्दसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में 10 जुलाई, गुरूवार को संतों के सानिध्य में प्रात: 8.30 बजे से गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जावेगा।**

उक्त जानकारी देते हुए सत्संग भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया ने बताया कि 11 जुलाई को प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक पू. स्वामी डॉ. नारायणानंद गिरी महाराज वृन्दावन का भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से उच्चारित वैश्विक ग्रंथ श्रीमद् भगवद् गीता पर ''वर्तमान संदर्भ में गीता के महत्व की अनिवार्यता'' विषय पर चातुर्मास प्रारंभ होगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी, सूरजपालसिंह तोमर ने समस्त गुरू भक्तों, सत्संग प्रेमी जिज्ञासुओं से गुरू पूर्णिमा महोत्सव और चातुर्मास प्रवचन लाभ लेने का अनुरोध किया है।

**योग भगाये रोग...** योग के माध्यम से स्वयं स्वस्थ रहकर दूसरों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने का योग

# गुरु बंसीलाल टांक को संतों ने दिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** पतंजलि योग गुरु बंसीलाल टांक को उनके जन्म दिवस के अवसर पर श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में विराजित संतवृंद आश्रम के संरक्षक परम पूज्य वरिष्ठ संत स्वामी धीरेशानंदजी महाराज, युवाचार्य परम पूज्य स्वामी मणिमहेश चैतन्य महाराज, प.पू. उज्जैनमुनि महाराज आदि संतों ने पतंजलि योग गुरु बंसीलाल टांक को उनके 83वें जन्मदिवस 5 जुलाई के अवसर पर योग के माध्यम से स्वयं योग करते हुए स्वस्थ रहकर दूसरों को योग कराते हुए स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने का शुभ मंगल आशीर्वाद दिया।



उल्लेखनीय है कि श्री चैतन्य आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में वृंदावन कृष्णी आश्रम के पूज्य संत चैतन्यजी महाराज के द्वारा व्यास पीठ से गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर शिव महापुराण कथा का वाचन हो रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में नगर एवं बाहर के श्रोता उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। कथा का समय अपरान्ह 3 बजे से 6 तक है जिसका समापन 10 जुलाई गुरूपूर्णिमा को होगा।

## अमेजन फैशन व ब्यूटी के साथ हर लम्हा बनाएं खास

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** प्राइम डे एक बार फिर वापस आ गया है और इस बार पहले से भी बडा, बेहतर और ज्यादा फैशनेबल है. 12 से 14 जुलाई तक, अमेजन प्राइम में सब को मिलेगा 72 घंटे तक फैशन और ब्यूटी की लगातार खोज का मौका. अब फैशन फोमो नहीं है, यह है वह पल जब आप अपनी वॉर्डरोब को रिफ्रेश करें, ब्यूटी कैबिनेट को फिर से भरें और हर दिन को एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाएं. इस साल प्राइम डे पर गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी की खास नई रेंज भी लॉन्च की जा रही है. मॉनसून शॉपिंग को और आसान बनाने के लिए एक खास मॉनसून स्टोर भी तैयार किया गया है, जिसमें फैशन और ब्यूटी के चुनिंदा प्रोडक्ट्स एक साथ मिलेंगे. इस प्राइम डे पर सबसे रोमांचक लॉन्च में से एक सफारी एक्टस बोट ट्रैकर लगेज. प्राइम मेंबर्स के लिए शाम 8 बजे से रात 12 बजे तक चलने वाले लिमिटेड टाइम ऑफर में मिलेंगी इस इवेंट की सबसे बेहतरीन डील्स, खास उन लोगों के सलए जो कभी भी शानदार मौका नहीं छोड़ते.

## एशियन पेंट्स ने प्कोलाइट ऑल प्रोटेक पेश किया

**इंदौर.** एशियन पेंट्स लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है. यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है. अल्टिमा प्रोटेक में ग्रैफीन-आधारित लेमिनेशन प्रोटेक्शन की शुरुआत से लेकर रोयल में टेफ्लॉन-आधारित दाग प्रतिरोध तकनीक तक, ब्रांड ने श्रेणी में पहली बार कई नवाचारों की एक श्रृंखला पेश की है, जिसने पेंट की क्षमताओं की परिभाषा ही बदल दी है.

## नीमच

## एक नजर में

### डीएफओ अटोदे ने किया बैंबू फार्म एवं औषधीय वाटिका का निरीक्षण

**नीमच।** वन विभाग नीमच के वनमण्डला धिकारी श्री एस के अटोदे ने भाटखेड़ी स्थित मिनी जंगल विश्वकर्मा बैंबू फॉर्म एवं औषधीय वाटिका का सोमवार को निरीक्षण किया। यहां पर राष्ट्रीय बांस मिशन योजना में रोपित बांस की खेती के साथ किए जा रहे नवाचारों के बारे में प्रगतिशील किसान श्री मलाशंकर विश्वकर्मा से विस्तृत चर्चा की एवं उनके द्वारा यहां लगाए गए औषधीय महत्व के पौधों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसान के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और दुर्लभ प्रजाति के पीले पलाश का एक पौधा भी लगाया।वन मंडलाधिकारी श्री एस के अटोदे ने बताया कि यहां जैव विविधता के संरक्षण का अनूठा उदाहरण देखने को मिला है, जैविक खेती के कारण यहां पर पक्षियों एवं अन्य जीव जंतुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। बटर फ्लाई गार्डन में भी चार से पांच प्रजाति की तितलियां भी देखने को मिली। धीरे धीरे यह एक आकर्षक पर्यटन का केन्द्र बन रहा है, लोग यहां घूमने, फोटोशूट कराने एवं पिकनिक मनाने भी आ रहे है।यहां की औषधीय वाटिका में पर गिलोय, कौंच बीज, शतावरी, अश्वगन्धा, सर्पगंधा, नीली व सफेद अपराजिता, हड़जोड़, गटारन, चक्रमर्द, नामी, छोटी व बड़ी दूधी, चित्रक, गुड़हल, पत्थरचट्टा, एलोविरा, मीठा नीम, वराहीकंद, स्वार्ड बीन्स, ट्राइडेक्स, वज्रदंती, लक्ष्मणफल, रामफल, सीताफल आदि भी देखने को मिल जाते हैं .



### आईटीआई जावद में अप्रेंटिस ड्राइव 9 जुलाई को

नीमच। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद जिला-नीमच में 9 जुलाई 2025 को प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक एमआरएफ एवं टाटा मोटर्स के राजकोट गुजरात प्लांट के लिए 12वी, आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 25 वर्ष आयु सीमा के प्रशिक्षुओं की इंटरव्यू के माध्यम से 500 पदों की भर्ती हेतु केम्पस अप्रेंटिस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। परिवहन एवं रियायती केन्टीन सुविधा के साथ कंपनी द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा। अप्रेंटिस ड्राइव में सम्मिलित होने वाले इच्छुक उम्मीदवार आईटीआई जावद में पहुँच कर, पंजीयन उपरांत इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते है। इंटरव्यू में सिर्फ नीमच जिले के शासकीय आईटीआई, कॉलेज के उम्मीदवारों को ही सम्मिलित किया जावेगा। उम्मीदवारों को अपना रिज्युम, एजुकेशन डॉक्युमेंट्स आवश्यक रूप से लेकर आना होगा।

### गायत्री परिवार नीमच द्वारा गुरुपूर्णिमा महापर्व पर 2 दिवसीय साधनात्मक आयोजन

**नीमच।** गायत्री परिवार द्वारा गुरुपूर्णिमा महापर्व को अनुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार गायत्री शक्तिपीठ नीमच पर 2 दिवसीय साधनात्मक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत अखण्ड गायत्री मन्त्रजप साधना दिनाँक 09 जुलाई 2025 बुधवार को प्रात: 6 से सांय 6 बजे तक सम्पन्न होगी। दिनांक 10 जुलाई 2025, गुरुवार को प्रात: 8 बजे से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ, पर्वपुजन, गुरुदीक्षा एवं विविध संस्कारों का क्रम सम्पन्न होगा।

# जिले के पशुपालक गोपालन कर अपनी आय बढ़ायें : विधायक

▸ गोपालकों को उत्कृष्ट गोपालन के लिए पुरस्कार वितरित



**नीमच। किसान बन्धु उन्नत खेती के साथ गोपालन से दुध उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। मध्यप्रदेश शासन पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का पशुपालक लाभ ले सकते हैं। विधायक परिहार ने कहा, कि सहकारी समितियों के माध्यम से दुधारू पशुओं के लिए कार्यशील पूंजी के रूप में ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। अत: सभी पशुपालक के.सी.सी. योजना का लाभ लें।** यह बात विधायक नीमच श्री दिलीपसिह परिहार ने भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में कही।

जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती मनीषा धाकड़ ने कहा, कि पशु चिकित्सा विभाग द्वारा घर पहुँच पशु चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है। अत: पशुपालक 1962 पर फोन लगाकर सेवा का लाभ ले सकते हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ.सी.पी.पचौरी ने कहा, कि उन्नत कृषि तथा जैविक कृषि तभी सम्भव होगी, जब किसान पशुपालन को अपनाएगें। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग नीमच डॉ.राजेश पाटीदार ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला।

पुरस्कार वितरण में प्रथम पुरुस्कार 51 हजार रूपये का श्री भगत वैरागी ग्राम टोलखेड़ी, द्वित्तीय पुरस्कार 21 हजार रूपये का श्री ईमरान बेग नीमच तथा तृतीय पुरुस्कार 11 हजार रूपये का श्रीमती अंगुरबाला बेनीवाल ग्राम केशरपुरा जावद को दिया गया।

# विधानसभा क्षेत्र नीमच, जावद एवं मनासा में बीएलओ का प्रशिक्षण 7 से 11 जुलाई

**नीमच। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार 8 से 11 जुलाई 2025 तक नीमच जिले के प्रत्त्येक विधानसभा स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।** जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 228 मनासा के बीएलओ का प्रशिक्षण 9,10 एवं 11 जुलाई 2025 को जनपद सभाकक्ष मनासा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 229 नीमच के बीएलओ का प्रशिक्षण 8,9,10 एवं 11 जुलाई 2025 को संयुक्त तहसील भवन एवं आयुष भवन नीमच तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 230 जावद के बीएलओं का प्रशिक्षा 9,10 एवं 11 जुलाई 2025 को शा.महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद में आयोजित किया जा रहा है।

**अभियान** पशु पालन केसीसी प्रकरण तैयार कर बैंकों में प्रस्तुत करने हेतु सघन अभियान

# जिले में 1 अगस्त तक चलेगा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड सघन अभियान

नवभारत न्यूज

**नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार जिले के के.सी.सी. धारको के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुधारू पशुपालको के लिए पशु पालन के.सी.सी. प्रकरण तैयार कर बैंकों में प्रस्तुत करने हेतु सघन अभियान संचालित किया जा रहा है।**



उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि यह अभियान 8 जुलाई 2025 से प्रारंभ होकर एक अगस्त 2025 तक चलाया जायेगा। अभियान में पशुपालन विभाग का अमला, उज्जैन दुग्ध संघ के सचिव तथा गौसेवक मैत्री घर-घर पात्र पशुपालकों के के.सी.सी. प्रकरण तैयार कर, बैंको को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें।

इस अभियान के दौरान पशुपालक के दुधारू पशुओं का सत्यापन कर कान में टैग लगाया जायेगा। डॉ. पाटीदार ने पशुपालकों से अनुरोध किया है कि फॉर्म भरने के दौरान के.सी.सी. धारक के भूमि सम्बन्धी दस्तावेज, के.सी.सी. खाते की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आई डी. की फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा दो गारण्टर के आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटो कॉपी अवश्य उपलब्ध कराएं।

इस अभियान के लिए 7 जुलाई को स्वर्णकार समाज धर्मशाला नीमच में मैदानी अमले को पी.पी.टी. के माध्यम से अतिरिक्त उपसंचालक डॉ.ए.आर.धाकड़ ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में दो सौ प्रतिभागियों को मैदानी कार्य हेतु किट वित्तरित किये गये।

## बिना नम्बर की बलेनो कार में 200 किग्रा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ चालक धराया

नवभारत न्यूज

**नीमच। चौकी प्रभारी नयागॉव मंगलसिंह राठौड़ की टीम के द्वारा एक बिना नम्बर की आसमानी रंग की बलेनो कार में कुल 200 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा तथा आरोपी कार चालक को पकडने में सफलता प्राप्त की है।** दिनांक 06.07.2025 की रात्रि में विश्वसनीय मुखबिर से एक बिना नम्बर की आसमानी रंग की बलेनो कार में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होने तथा चालक कन्हैयालाल पिता गोपाल दास निवासी सेमलिया जिला चित्तौडगढ राजस्थान के द्वारा चलाकर गोटा गुठलई मार्ग होते हुए राजस्थान की ओर ले जाने के संबंध में सूचना मिलने पर चार खंबा चौराहा गोटा गुठलई मार्ग पर नाकाबंदी की गई। जहॉ नाकाबंदी के दौरान एक बिना नम्बर की आसमानी रंग की बलेनो कार आते दिखी, जिसे फोर्स व पंचांन की मदद से घेरा बंदी कर रोका तथा कार की तलाशी में मिले 200 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ



डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के आज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए विधिवत् जप्त किया गया तथा आरोपी चालक कन्हैयालाल को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफतार आरोपी से पूछताछ की जाकर अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा उपलब्ध करवाने वाले ललित उर्फ लालाराम पिता भँवरलाल अहीर निवासी ढौलपुरा थाना नीमच सीटी को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तार आरोपी कन्हैयालाल को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया है । प्रकरण में अनुसंधान जारी है ।

## अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडावुरा 40 किलोग्राम व अफिम 2 किलो 700 ग्राम सहित एक तस्कर गिरफ्तार

▸ घटना में प्रयुक्त हुन्डई आई 20 कार भी जप्त

**नीमच। चौकी प्रभारी चीताखेडा उनि. राजेन्द्र सिंह सिसोदिया की टीम ने एक हुण्डाई आई 20 कार कं, आर जे 45 सीएफ 8918 में रखे 2 प्लास्टिक के कट्टो में भरा 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा व 2 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।**

घटना का विवरण दिनांक 06.07.2025 को उनि. राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट के समस्त आज्ञापक नियमों का पालन कर नाकाबंदी के दौरान आरोपी अशोक पिता हापुराम विश्नोई उम्र 37 वर्ष निवासी फीटकासनी तहसील लुणी जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे वाली हुण्डाई कार क्र.आर जे 45 सीएफ 8918

